<u>लोक सभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं</u>

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवसियों को शुभकामनाएं दी हैं । इस अवसर पर उन्होंने कहा हैः

"भारत की ब्रिटिश राज से आजादी की 69वीं वर्षगांठ पर मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई देती हूं । हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और स्वाभिमानी पूर्वजों ने बड़े जतन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से समय-समय पर अपना बलिदान देकर हमें विदेशी दासता से मुक्ति दिलाई थी । इसे ध्यान में रखते हुए हमारा यह कर्त्तव्य बनता है कि सब एकजुट होकर अपने देश की स्वतंत्रता , एकता और अखंडता को हर कीमत पर सुरक्षित रखें।

इस पुनीत अवसर पर सभी स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करते हुए मैं यह आह्वान करती हूं कि सभी नागरिक मिल-जुलकर राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र की रक्षा के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाएं । हमें अपने परिवार , समाज, प्रदेश और देश को उच्च शिखर पर ले जाना है , इस प्रकार का सम्यक् चिंतन करते हुए पूरे मनोयोग से सभी रचनात्मक कार्यों को पूरा करें । ये कार्य हम शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, समाज कल्याण इत्यादि किसी भी क्षेत्र में कर सकते हैं । हमारे देश में 65 प्रतिशत से अधिक लोग युवा हैं । इन युवाओं की आंखें में सपने हैं और दिल में जोश व जुनून । इनकी मेहनत और सकारात्मक सोच पर ही इस देश का भविष्य निर्भर करता है।

मुझे विश्वास है कि हम सब भारत को हर दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए अथक प्रयत्न करेंगे और एक दिन हम जरूर शिखर पर होंगे । इस सुअवसर पर मैं पुनः समस्त नागरिकों के स्वस्थ, समृद्ध एवं सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं देती हूं । "